**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–11.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में उच्च उपज देने वाली, जलवायु–लचीली और बायोफोर्टिफाइड फसलों की 109 किस्मों की 61 फसलें करेंगे जारी, इनमें 34 खेती और 27 बागवानी फसलें हैं शामिल।**

2. **पेरिस ओलंपिक खेल समारोह का आज हो रहा है समापन, ध्वजारोहण परेड के लिए भारत से दो बार ओलंपिक पदक विजेता पी.आर. श्रीजेश और मनु भाकर होंगे भाामिल।**

3. **पेरिस ओलंपिक प्रतियोगिता में भारत ने कुल छह पदक जीते। इनमें एक रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं।**

4. **पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने आईईडी विस्फोटक बरामद किया, पिछले 24 घंटे के दौरान दूसरी बार सुरक्षा बलों को मिली यह सफलता।**

**और**

5. **राज्य के कई जिलों में आज हो रही है बारि, मौसम विभाग ने धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा सहित कई जिलों के लिए किया ऑरेंज अलर्ट जारी।**

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में उच्च उपज देने वाली, जलवायु–लचीली और बायोफोर्टिफाइड फसलों की 109 किस्में जारी करेंगे। वे कार्यक्रम के दौरान किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में बताया कि जारी की जाने वाली 109 किस्मों में 61 फसलें शामिल हैं, जिनमें 34 खेती और 27 बागवानी की फसलें हैं। खेत की फसलों में, बाजरा, चारा, तिलहन, दाल, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए जाएंगे। बागवानी फसलों में विभिन्न प्रकार के फल, सब्जियां, वृक्षारोपण, कंद, मसाले, फूल और औषधीय पौधे शामिल है।

********************

पेरिस ओलंपिक आज सम्पिन्न हो रहा है। समापन समारोह भारतीय समयानुसार रात साढे 12 बजे शुरू होगा। समारोह में कई जाने–माने अभिनेता और कलाकार प्रस्तुति देंगे। समापन समारोह में परेड के लिए भारत से दो बार ओलंपिक पदक विजेता पी.आर. श्रीजेश और मनु भाकर को चुना गया है। श्रीजेश हॉकी टीम के गोलकीपर रहे हैं और उन्होंझने पेरिस ओलंपिक में टीम के कांस्य पदक जीतने के बाद संन्यांस की घोषणा की है। मनु भाकर किसी ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट हैं। समापन समारोह में ओलंपिक मशाल बुझा दी जाएगी और ओलंपिक ध्वपज लॉस एंजेलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों की आयोजन समिति को सौंपी जाएगी।

********************

पेरिस ओलंपिक में भारत का अभियान आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गया है। प्रतियोगिता में भारत ने कुल छह पदक जीते। इनमें एक रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। कल महिला पहलवान रीतिका हुड्डा 76 किलोग्राम भारवर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। गोल्फ में अदिति अशोक और दीक्षा डागर भी पदक की दौड़ से बाहर हो गईं। कुश्ती में पुरुषों की 57 किलोग्राम स्पर्धा में अमन सहरावत ने कांस्य पदक जीता, जो भारत का एकमात्र कुश्ती पदक था।

********************

झारखंड सरकार, नागर विमानन के सौजन्य से देवघर और बासुकीनाथ के बीच हेलीकॉप्टर सेवा आज से आरंभ होगी। नागर विमानन विभाग द्वारा राज्य में पहली बार इस तरह की सेवा शुरू की गई है। हेलीकॉप्टर से हवाई परिक्रमा और पर्यटन स्थलों के अंतर्गत श्रद्धालु देवघर, बासुकीनाथ और त्रिकूट पर्वत के हवाई दर्शन कर सकेंगे। हवाई दर्शन के लिए श्रद्धालु देवघर के कुंडा स्थित हवाई अडडा से बुकिंग करा सकते हैं।

*********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने आईईडी विस्फोटक बरामद किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान दूसरी बार सुरक्षा बलों को ये सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सारंडा क्षेत्र में चलाए जा रहे हैं अभियान के दौरान छोटानागरा और जराईकेला थाना क्षेत्र में तिरिलपोसी के पास 5 किलोग्राम का एक आईईडी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से आईईडी को जंगल में ही नष्ट कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जो लगातार जारी है।

*********************

सरायकेला खरसांवा जिले के आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर सभागार में कल उद्यमी संगठन एसिया द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने उद्यमियों की समस्याओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में उन्होंने अपराध नियंत्रण पर प्रशासन की ओर से हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा की यहां सबसे ज्यादा औद्योगिक क्षेत्र में चोरी की शिकायत मिली है जिस पर नियंत्रण के लिए आदित्यपुर थाना क्षेत्र को आठ बीट में बांटा जाएगा। हर बीट में एक प्रभारी की प्रतिनियुक्त की जाएगी। साथ ही 8 और टाइगर मोबाइल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने पुलिस प्रशाासन की ओर से किये जाने वाले प्रयासों और नशा उन्मूलन के लिए किये जा रहे कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की।

*********************

जामताड़ा सदर अस्पताल में कल उपायुक्त कुमुद सहाय ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

**साउंड बाईट–सुभाश प्रसाद सिंह, जामताड़ा–38 सेकेंड**

*********************

राज्य के कई जिलों में आज हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। रांची मौसम केन्द्र ने वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

*********************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

राजधानी से छपने वाले अखबारों ने आज झारखंड आदिवासी महोत्सव समापन समारोह की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। वहीं प्रधानमंत्री द्वारा वायनाड के भूस्खलन पीड़ितों से मुलाकात करने की खबर के साथ–साथ देश दुनिया की खबरों को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान अखबार ने मुख्यमंत्री के हवाले से शीर्षक बनायी है –कलाकारों के लिए विशेष नीति बनायेंगे।

प्रभात खबर ने लिखा है सीएम की घोषणा : झारखंड के कलाकारों के लिए बनेगी नीति। दैनिक जागरण ने अपने पहले पन्ने का शीर्षक बनाते हुए लिखा है– बांग्लादेश में सुप्रीम कोर्ट को घेरकर लिया मुख्य न्यायाधीश का इस्तीफा। दैनिक भास्कर की सुर्खी है–तीन राज्यों के बॉर्डर पर नेपाली कसीनो–भारतीय लूट रहे। रांची एक्सप्रेस ने लिखा है–कोर्ट ने नहीं सुनी अर्जी खारिज कर दी जमानत। टाइम्स ऑफ इंडिया ने अपने पहले पन्ने पर लिखा है–प्रधानमंत्री ने वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की सहायता और पुर्नवास का वादा किया।

टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी प्रधानमंत्री के वायनाड दौरे पर लिखा है–नरेंद्र मोदी ने वायनाड भूस्खलन पीड़ितों से मुलाकात कर सहायता करने का दिया आश्वासन।

********** समाप्त ***********